आकाशवाणी शिमला

28.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

प्रश्नकाल

प्रदेश सरकार ने बीते दो वर्षों में राजधानी शिमला में 66 भवनों को असुरक्षित घोषित किया है, जिनमें आवासीय भवनों के साथ सरकारी कार्यालय भी शामिल हैं। शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यह जानकारी दी। विधायक विपिन सिंह परमार के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके पास फिलहाल कर्मचारियों का सटीक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे कर्मचारियों के लिए आवास का अलॉटमेंट करने के निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग जी.ए.डी. को जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि शिमला में स्थित विधायक सदन मेट्रोपोलिस को असुरक्षित घोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस भवन के मरम्मत कार्य के लिए बजट भी निर्धारित कर दिया गया है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आश्वासन दिया कि असुरक्षित भवनों में रह रहे सभी कर्मचारियों को अगले दो महीनों के भीतर वैकल्पिक आवास उपलब्ध करवा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विधायक केवल सिंह पठानिया के सवाल के लिखित जवाब में कहा कि सरकार का धर्मशाला में प्रदेश हाईकोर्ट की बैंच स्थापित करने का फिलहाल कोई विचार नहीं है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक अधिकरण स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है।

विधायक सुधीर शर्मा के सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत पिछले 2 वर्षों में कुल 8 हज़ार एक सौ 55 लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि योजना के तहत वित्त वर्ष 2023–24 में 3 हज़ार 7 सौ 30 और 2024–25 में 4 हज़ार 4 सौ 25 लाभार्थियों को लाभ मिला है।

विधायक डॉक्टर जनक राज के सवाल के जवाब में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि मटौर–शिमला राष्ट्रीय उच्च मार्ग फोरलेन बनेगा और आठ पैकेज में इसका निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय उच्च मार्ग को फोरलेन बनाने संबंधी डी.पी.आर. तैयार की जा रही है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि नेशनल हाई वे अथॉरिटी को राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहिए लेकिन एन.एच.ए.आई. ऐसा बिल्कुल नहीं कर रही है और इस बारे में वे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से बात करेंगे।

आर.एस.एस.

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 2 अक्तूबर 2025 को सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। संगठन विस्तार सदभाव और एकता के संबंध में आज शिमला में संघ के हिमाचल प्रांत के संघचालक डॉक्टर वीर सिंह रांगड़ा ने एक पत्रकार वार्ता में संघ के सौ वर्ष में हुए सुदृढ़ीकरण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की 3 दिवसीय बैठकें बैंगलुरू में आयोजित की गईं और इस दौरान संगठन के विस्तार, सामाजिक सेवा, राष्ट्रीय एकता व हिन्दू समाज की सुरक्षा पर विशेष ज़ोर दिया गया। रांगड़ा ने बताया कि संघ की शाखाओं में वृद्धि हो रही है और हिमाचल में 7 सौ 37 स्थानों पर एक हज़ार 4 शाखाएं हैं। उन्होंने बांग्लादेश में हिन्दुओं व संन्यासियों के साथ हो रही लूटपाट पर चिंता जताते हुए केन्द्र सरकार से इस दिशा में कदम उठाने की मांग की।

इंदु गोस्वामी

केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि मंत्रालय द्वारा वर्ष 2014–15 में शुरू की गई स्वदेश दर्शन योजना के तहत वर्ष 2016–17 में हिमाचल प्रदेश में हिमालय सर्किट के तहत 68 करोड़ 34 लाख रूपए की 7 विकास योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। सांसद इंदु गोस्वामी के सवाल के जवाब में संसद में उन्होंने ये जानकारी दी। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि हिमालय सर्किट योजना के तहत इनमें क्यारीघाट, शिमला, हाटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीड़, पालमपुर और चम्बा शामिल हैं। गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि पर्यटन मंत्रालय द्वारा सैंट्रल सैक्टर में लाँच की गई स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना के तहत देश में पर्यटन ढांचे को विकसित करने के लिए राज्य व केन्द्र शासित प्रदेशों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने आज लोकसभा में भारत दूर संचार निगम के कर्मचारियों व पैंशनरों को तीसरे वेतन आयोग के लाभ देने का केन्द्र सरकार से आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इस उपक्रम में 30 हज़ार ग्रुप–सी व डी के कर्मचारी हैं और 5 हज़ार पैंशनर हैं जिन्हें अभी तक तीसरे वेतन संशोधन का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में आठवें वेतन आयोग की घोषणा कर दी है लेकिन निगम के इन कर्मचारियों को अभी तक तीसरे वेतन आयोग का लाभ भी प्राप्त नहीं हुआ है।